# बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

विद्या विहार, रायबरेली रोड, लखनऊ- 226 025

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR UNIVERSITY

(A Central University)

Vidya Vihar, Rae Bareli Road, Lucknow-226025

पत्र संख्या. HIN45251-L/हिं.प्र./बीबीएयू/2026

दिनांक. 02/07/2026

## कार्यालय आदेश

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा हिन्दी के प्रचार-प्रसार एवं विकास को गति प्रदान करने हेतु राजकीय कार्य हिन्दी में करने के लिए प्रत्येक वर्ष एक वार्षिक कार्यक्रम जारी किया जाता है। उक्त क्रम में गृह मंत्रालय द्वारा 2026-27 का वार्षिक कार्यक्रम जारी कर दिया गया है जो साथ में संलग्न है। मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में राजभाषा कार्यान्वयन के लिए विभिन्न मदों हेतु भाषाई आधार पर क्षेत्रवार लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं।

संलग्न वार्षिक कार्यक्रम 2026-27 में दिये गये प्रमुख आदेशों/निर्देशों का सरकारी कामकाज में अनुपालन हमारी संवैधानिक जिम्मेदारी है। मंत्रालय के निर्देशानुसार टिप्पण (नोटिंग) और पत्राचार के लिए हिन्दी का ही प्रयोग करें तथा हिंदी में प्राप्त पत्र का उत्तर अनिवार्य रूप से हिंदी में ही दें। इसके साथ यह भी सुनिश्चित करें कि सूचना पट्ट, नामपट्ट, मोहर, साईन बोर्ड, विजटिंग कार्ड आदि अनिवार्य रूप से द्विभाषी हो जिसमें हिंदी की पंक्ति ऊपर हो और अंग्रेजी की पंक्ति नीचे एवं अंग्रेजी का फॉट हिंदी के फॉट से बड़ा न हो। ज्ञात हो कि हमारा विश्वविद्यालय भाषाई आधार पर **'क' क्षेत्र** में स्थित है इसलिए हमारे उपर **'क' क्षेत्र** के लिए निर्धारित सभी लक्ष्य लागू होंगे।

अत: अनुरोध है कि कृपया संलग्न ' वार्षिक कार्यक्रम 2026-27 का अनुपालन अपने विभाग/ अनुभाग में सुनिश्चित करें।

1/7/26

**कुलसचिव**

संलग्नक उपरोक्तानुसार।

**प्रतिलिपि** :- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु **ई-मेल** से प्रेषित :-

1. संयुक्त निदेशक (राजभाषा), उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली।
2. संयुक्त सचिव(राजभाषा), विश्वविद्यालय अनुदान आयोग बहादुरशाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली।
3. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/ समन्वयक/ प्रभारी आचार्य।
4. परीक्षा नियंत्रक/ पुस्तकालयाध्यक्ष /वित्त अधिकारी।
5. समस्त उपकुलसचिव/अधिशाषी अभियन्ता/समस्त सहायक कुलसचिव/समस्त अनुभाग अधिकारी।
6. प्रभारी विश्वविद्यालय वेबसाइट।

**सहायक निदेशक (राजभाषा)**